Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding supply of covid-19 vaccines on scientific basis-laid.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): कोरोना से बचाव के लिये टीकाकरण में इक्विटी यानी सबको बराबरी से वैक्सीन देने को लेकर भी चर्चा हो रही है । जितनी आबादी है, उसी आधार पर वैक्सीन सप्लाई कर रहे है, तो यह अवैज्ञानिक रणनीति है । दूसरी लहर में ग्रामीण इलाके प्रभावित हुए, पर शहरी इलाकों में हीं ज्यादा मौते हुईं । अगर हम वैज्ञानिक तरीके से वैक्सीन पहुंचाना चाहते है तो जहां संक्रमण तेजी से फैला है वहां ज्यादा वैक्सीन देनी चाहिए । सिर्फ बराबरी से वैक्सीन देने के लिये बराबरी न की जाए । इक्विटी और एफीशियंसी अलग चीजें है । शहरों में अगर 70 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो जाए तो कुल आबादी की असुरक्षा या संवेदनशीलता कम होगी । सबको बराबरी से बांटने से एक जगह वैक्सीन की मारामारी है और दूसरी जगह बच रही है या बर्बाद हो रही है । अतः जहां संक्रमण तेजी से फैला है वहां ज्यादा वैक्सीन देने की रणनीति पर काम करना चाहिये ।